जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

20 जून, 2024

प्रेस विज्ञप्ति/आमंत्रण

जामिया मनाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

जामिया मिल्लिया इस्लामिया शुक्रवार, 21 जून, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएगा। मुख्य समारोह विश्वविद्यालय के खेल एवं क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 7 बजे नवाब मंसूर अली खान पटौदी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जामिया में शुरू होगा। विश्वविद्यालय के छात्र, संकाय सदस्य और कर्मचारी योग सत्र में भाग लेंगे और योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में विभिन्न योग आसनों का अभ्यास करेंगे।

जामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. मोहम्मद शकील कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे और कार्यवाहक रजिस्ट्रार श्री एम. नसीम हैदर विशिष्ट अतिथि होंगे।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया